आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पर्यटन

प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार चंडीगढ़–कुल्लू–धर्मशाला को जोड़ने वाले नए हवाई रूट का प्रस्ताव तैयार कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य राज्य के दो प्रमुख पर्यटन स्थलों के बीच पर्यटकों की आवाजाही में बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है जिसके लिए संबंधित एयरलाइंस कंपनी और अन्य एजेंसियों के साथ चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें कुल्लू और धर्मशाला के बीच नई सीधी हवाई सेवा के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा और पर्यटकों को बेहतर हवाई सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर पर्यटन अधोसंरचना का विकास कर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित कर रही है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिकी को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई यात्रा सुविधा में वृद्धि करने के साथ–साथ राज्य सरकार नए हेलीपोर्ट भी विकसित कर रही है। प्रदेश की पर्यटन राजधानी जिला कांगड़ा के रक्कड़ व पालमपुर, चम्बा और किन्नौर जिला के रिकांगपियो में हेलीपोर्ट के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने 13 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

जगत नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज रिकांगपिओ में सांगला व कामरू विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान साडा क्षेत्र की सीमा, ठोस–तरल कचरा प्रबंधन, जल निकासी, स्ट्रीट लाईट जैसी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जगत सिंह नेगी ने साडा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने और अधोसंरचना विकास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री ने बैठक में उपस्थित गैर सरकारी सदस्यों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पहले कल शाम जगत सिंह नेगी ने पूह खंड की मूरंग पंचायत में साढ़े 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया।

मॉनसून सत्र

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 27 अगस्त से शिमला में शुरू होगा। ये सत्र 9 सितंबर तक चलेगा और इसमें कुल 10 बैठकें होंगी। मॉनसून सत्र के सुचारू संचालन व रचनात्मक सहयोग के लिए 26 अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी शामिल होंगे।

महासंघ

सचिवालय सेवाएं कर्मचारी महासंघ ने कर्मचारियों के लंबित डीए और एरियर के मामले को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने आज सचिवालय में फिर से जनरल हाउस का आयोजन किया और सरकार के खिलाफ नारे–बाजी की। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने सरकार पर फिजूलखर्ची का आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारियों के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है जबकि मंत्री, सीपीएस और विभागाध्यक्षों द्वारा मनमाने ढंग से फिजूलखर्ची की जा रही है। उन्होंने कहा कि माननीयों के लिए फिजूलखर्ची और अधिकारियों की नाकामी के चलते ही प्रदेश आर्थिक संकट से जूझ रहा है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर सरकार 27 अगस्त तक उनकी मांगे नहीं मानती है तो कर्मचारी विधानसभा सत्र के दौरान काले बिले लगाकर विरोध प्रकट करेंगे।

इस बीच सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ ने विभिनन विभागों में सितम्बर 2024 तक दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले अनुबंध कर्मियों को पहले की तरह साल में दो बार नियमित करने का सरकार से अनुरोध किया है।

चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की हितैषी है और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबध है। शिमला से जारी एक ब्यान में उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट में पुरानी पैंशन बहाल की और एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को उनका हक दिया है। नरेश चौहान ने कहा कि कर्मचारियों को अपनी मांग रखने का अधिकार है लेकिन सरकार के खिलाफ आरोप–प्रत्यारोप लगाकर आलोचना करना गलत है। उन्होंने कहा कि सचिवालय के कर्मचारी अन्यों के

मुकाबले सरकार की आर्थिक स्थिति को बेहतर तरीके से समझते हैं और कर्मचारियों द्वारा मांग रखने के लिए अपनाया गया रवैया अफसोसजनक है।

<u>डे–बोर्डिंग स्कूल</u>

केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्रालय ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विधानसभा क्षेत्र नादौन की अमलैहड़ पंचायत में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल की स्थापना के लिए लगभग 2 दशमलव 8 हैक्टेयर भूमि को शिक्षा विभाग के नाम करने के लिए फॉरेस्ट कलियरेंस दे दी है। मंत्रालय ने इस संबंध में निर्धारित प्रक्रिया के तहत ऑनलाईन माध्यम से क्लीयरेंस प्रदान कर प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव वन को पत्र के माध्यम से सूचित किया है। वन वृत हमीरपुर के अरण्य पाल निशांत मंढोत्रा ने इसकी पुष्टि की है।

———————————————————————————————